# ज्ञान दर्शन

नवम्बर, 2018 से अप्रैल, 2019 तक **अर्धवार्षिक समाचार बुलेटिन**
(केवल ज्ञान परिवार में वितरण के लिए)


## ज्ञान महाविद्यालय
आगरा रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.)
E-mail : gyanmv@gmail.com
Mobile : + 91 92194 19405
Website: www.gyanmahavidhyalaya.com
Gyan Parivar


## 1. इग्नू (IGNOU) के विशेष अध्ययन केन्द्र के कार्यक्रम –

➤ **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर व्याख्यान, निबंध तथा क्विज प्रतियोगिता।** 11 नवम्बर, 2018 को हमारे महाविद्यालय स्थित इग्नू (IGNOU) के विशेष अध्ययन केन्द्र ने महाविद्यालय के ज्ञान भवन में व्याख्यान, निबंध तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, इस प्रतियोगिता में इग्नू के विशेष अध्ययन केन्द्र में वर्तमान में पंजीकृत विद्यार्थियों ने भाग लिया।



मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है, उन्होंने भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के कार्यों की चर्चा की। मुख्य वक्ता डॉ. ललित उपाध्याय ने **'शिक्षा का व्यक्तित्व के विकास में महत्व'** विषय पर बोलते हुए कहा कि शिक्षा से व्यक्तित्व विकास के साथ समाज सेवा को जानने की आवश्यकता है, उन्होंने शिक्षा को शैक्षिक विकास का क्रमबद्ध अध्ययन बताया।

**'शिक्षा में समानता का अधिकार'** विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी, इस प्रतियोगिता में नवनीत सिंघल ने प्रथम, चेतन ने द्वितीय तथा मानसी वार्ष्णेय और इरफान खॉन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सद्भावना पुरस्कार धर्मेश गांधी को दिया गया। क्विज प्रतियोगिता में ऋचा सिंह, रोशनी जैन, नवनीत, राखी तथा मानसी विजेता रहे। सभी विजेताओं को प्राचार्य जी ने शील्ड देकर सम्मानित किया।

पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन इग्नू के विशेष अध्ययन केन्द्र के समन्वयक श्री राम किशन शर्मा ने किया।

➤ **गाँव हाजीपुर चौहट्टा में इग्नू (IGNOU) की शैक्षिक जागरूकता गोष्ठी–**

29 दिसम्बर, 2018 को जनवरी सत्र–2019 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी काउंसलर्स तथा प्राध्यापकों के साथ इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक (अलीगढ़) डॉ. अशोक शर्मा तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एम. सफदरे आजम ने गाँव हाजीपुर चौहट्टा में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया।

## अनुक्रम


1. इग्नू (IGNOU) के विशेष अध्ययन केन्द्र के कार्यक्रम 1
- ➤ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर व्याख्यान, निबंध तथा क्विज प्रतियोगिता 1
- ➤ गाँव हाजीपुर चौहट्टा में इग्नू (IGNOU) की शैक्षिक जागरूकता गोष्ठी 1

2. अतिथि व्याख्यान 2
- ➤ वाणिज्य संकाय में अतिथि व्याख्यान 2
- ➤ बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान 2
- ➤ जन्तु विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान 2
- ➤ डी.एल.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान 2
- ➤ भौतिक विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान 3

3. शैक्षिक भ्रमण 3
- ➤ कला संकाय के विद्यार्थियों ने दैनिक जागरण प्रेस अलीगढ़ का भ्रमण किया 3
- ➤ विज्ञान संकाय का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण 3
- ➤ बी.एड. विभाग का शैक्षिक भ्रमण 3
- ➤ डी.एल.एड. विभाग का शैक्षिक भ्रमण 3

4. विभिन्न दिवसों का आयोजन 4
- ➤ अंगदान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता 4
- ➤ किसान दिवस पर एन.एस.एस. का एक दिवसीय शिविर 4
- ➤ मतदाता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 4
- ➤ गणतंत्र दिवस समारोह 4

5. विभागीय गतिविधियाँ 5
- ➤ ज्ञान दीपावली मेला एवं ज्ञान ज्योति कार्यक्रम 5
- ➤ विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 5
- ➤ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 5
- ➤ विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 6
- ➤ युवा स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 6
- ➤ विवाद, निबंध, पेंटिंग, क्विज तथा 20 मिनट अतिरिक्त इनडूर एक्टिविटी प्रतियोगिताओं का आयोजन 6
- ➤ बी.एड. के प्रशिक्षुओं के लिए पाँच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर 6
- ➤ पुरातन छात्र संवाद एवं सम्मान समारोह 7
- ➤ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में कविता पाठ 7
- ➤ कौशल पाठ्यक्रम सेमिनार एवं ऑनलाइन पंजीकरण 7
- ➤ INTACH द्वारा पानी की कहानी पर पेंटिंग प्रतियोगिता 8
- ➤ नव वर्ष पर गीत संगीत एवं सहभोज कार्यक्रम 8
- ➤ मकर संक्रान्ति, पतंग उड़ान प्रतियोगिता एवं खिचड़ी भोज 8
- ➤ जागृति पैथोलॉजी सेंटर द्वारा '' सेहत का ज्ञान '' कार्यक्रम 8
- ➤ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 9
- ➤ वार्षिकोत्सव का आयोजन 9
- ➤ पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि 10
- ➤ राष्ट्रीय एकता पर युवा संवाद 10
- ➤ डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के लिए पाँच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर 10
- ➤ मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग 11

6. एन.एस.एस. तथा ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के कार्यक्रम 11
- ➤ रक्तदान शिविर 11
- ➤ 'सहज' कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्म कपड़ों का वितरण 11
- ➤ कम्बल वितरण कार्यक्रम 11
- ➤ एन.एस.एस. का एक दिवसीय द्वितीय शिविर 12
- ➤ एन.एस.एस. का एक दिवसीय तृतीय शिविर 12

7. विशिष्ट उपलब्धि 12

8. ज्ञान आई.टी.आई. के कार्यक्रम 12
- ➤ अमर उजाला व विभाग के सहयोग से सेमिनार और ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन 12
- ➤ ज्ञान आई.टी.आई. में आयोजित शिविर में नौकरी के लिए 24 छात्रों का चयन 12
- ➤ ज्ञान आई.टी.आई. में कार्यशाला का आयोजन 12


ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम, समारोह तथा उत्सव के श्रीगणेश हेतु विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आमंत्रित अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किये जाते हैं। अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिह्न देकर उनको समुचित सम्मान प्रदान करने की परम्परा है।

ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रबन्ध समिति की अध्यक्षा, चेयरमैन, अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य, डॉ० गौतम गोयल, श्रीमती रितिका गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य, उप प्राचार्य, मुख्य अनुशासन अधिकारी, सभी संकायों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति यथा सम्भव और आवश्यकतानुसार सम्मिलित होते हैं। मीडिया संबंधी कार्यों का निर्वहन जन सम्पर्क अधिकारी डॉ० ललित उपाध्याय द्वारा किया जाता है। कार्यक्रमों का प्रबन्धन श्री मनोज यादव के निर्देशन तथा प्राचार्य एवं उप प्राचार्य के पर्यवेक्षण में किया जाता है।



Scanned by CamScanner



इस गोष्ठी में हमारे महाविद्यालय स्थित इग्नू के विशेष अध्ययन केन्द्र के विद्यार्थियों के साथ अनेक ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता तथा जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय विशेष रूप से इस गोष्ठी में उपस्थित रहे।

डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में नामांकन की दृष्टि से इग्नू देश का सबसे बड़ा केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, यह विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय पहुँच के साथ उच्च गुणवत्ता की शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराता है, इग्नू के माध्यम से सेवारत अध्यापक भी अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकते हैं। डॉ. एम. सफदरे आलम ने ऑनलाइन प्रवेश से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बताया कि इग्नू के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रम न्यूनतम खर्च पर पूरे होते हैं। इग्नू की शाखाएँ विदेशों में भी है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी इग्नू के अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की गई है। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने महाविद्यालय स्थित इग्नू के विशेष अध्ययन केन्द्र द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों के बारे में बताया तथा ग्राम प्रधान श्री चन्द्रपाल सिंह की उपस्थिति में ग्रामीणों को इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम का संयोजन इग्नू के विशेष अध्ययन के समन्वयक श्री राम किशन शर्मा ने किया, उप–प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

**2. अतिथि व्याख्यान–**

➢ **वाणिज्य संकाय में अतिथि व्याख्यान ।** 28 नवम्बर, 2018 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय के प्रोफेसर नफीश अहमद खॉन ने हमारे महाविद्यालय में आकर **"इनकम टैक्स एण्ड जी. एस.टी. इन इण्डिया "** विषय पर व्याख्यान दिया।



उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि जी.एस.टी. एक देश एक कर के सिद्धान्त पर जुलाई, 2017 से लागू किया गया है। उन्होंने भारत में टैक्स की चोरी व कर निर्धारण पर विद्यार्थियों के साथ विस्तार से चर्चा की तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये, उन्होंने यह भी कहा कि जी.एस.टी. के दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे।

अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के.गुप्ता ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया।

➢ **बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान ।** 06 दिसम्बर, 2018 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर डॉ. गुंजन दुबे ने हमारे महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में 'बृहद् पाठ योजना' विषय पर व्याख्यान दिया। अतिथि व्याख्याता ने अपने व्याख्यान में पाठ योजना बनाते समय ध्यान रखने वाली बातें तथा प्रयोग में आने वाले घटकों का सिलसिलेवार वर्णन किया। उन्होंने यह भी बताया कि पाठ योजना बनाते समय शिक्षक को विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान से जोड़ना चाहिये। उन्होंने 'बृहद् पाठ योजना' की व्याख्या करने के लिए पाठ योजना का प्रारूप प्रशिक्षुओं को प्रदान किया, जिससे प्रशिक्षु प्रभावी रूप से उसे समझ सके।

विदुषी व्याख्याता ने प्रशिक्षुओं के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये। व्याख्यान का संयोजन बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. आभा कृष्ण जौहरी ने किया। अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया।



➢ **जन्तु विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान ।** 07 दिसम्बर, 2018 को स्थानीय, धर्म समाज महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने हमारे महाविद्यालय आकर **"सैल डिवीजन–जीन इंटरैक्शन "** विषय पर व्याख्यान दिए, अपने व्याख्यान में उन्होंने बताया कि सभी जीवों में कोशिका दो तरह से विभाजित होती है और इस विभाजन को 'माइटोसिस व मिओसिस' कहते हैं।



ये जीन आपस में एक दूसरे से सम्बन्धित होते हैं और नयी संरचनाओं का निर्माण करते हैं। उन्होंने माता–पिता से संतान में पहुँचने वाली प्रत्येक कोशिका के निर्माण की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। विद्वान व्याख्याता ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के विषय में बताया तथा परीक्षा में अच्छे चित्र बनाने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये।

व्याख्यान का संयोजन जन्तु विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. ज्योति सिंह ने किया। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया।

➢ **डी.एल.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान ।** 22 दिसम्बर, 2018 को स्थानीय धर्म समाज महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा संकाय के






Scanned by CamScanner

विभागाध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश सिंह ने हमारे महाविद्यालय आकर "वर्तमान संदर्भ में शिक्षा और दर्शन की प्रासंगिकता" विषय पर व्याख्यान दिया। विद्वान व्याख्याता ने डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को दर्शन व शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा और दर्शन एक ही सिक्के के दो पहलू है।

शिक्षा का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उन्होंने कहा कि शिक्षा भावनाओं, सकारात्मक दृष्टिकोण, योग्यता, व्यवहार तथा मूल्यों का विकास है। उन्होंने सैद्धान्तिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़कर आदर्शवाद, प्रकृतिवाद, अस्तित्ववाद एवं व्यवहारवाद को विस्तार से समझाया तथा रूसो, स्पेंसर तथा कार्ललुइस के सिद्धान्तों का भी वर्णन किया।

अतिथि व्याख्याता ने प्रशिक्षुओं के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया। व्याख्यान का संयोजन डी.एल.एड. के प्राध्यापक श्री रामकिशन शर्मा ने किया।

> **भौतिक विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान :**

28 दिसम्बर, 2018 को स्थानीय श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. केशव दास वर्मा ने हमारे महाविद्यालय में " चालक, अर्धचालक एवं उसके उपयोग " विषय पर व्याख्यान दिया।



विद्वान व्याख्याता ने बताया, कि पदार्थ को तीन भागों में विभाजित किया गया है–चालक, अर्धचालक तथा कुचालक। उन्होंने बताया कि अर्धचालक दो प्रकार के होते हैं– **Intrinsic & Extrinsic Semiconductor**। अतिथि व्याख्याता ने P.N. Junction & Transistor नेनो चिप के बारे में बताने के साथ–साथ विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के बारे में भी उचित राय दी। उन्होंने परीक्षा में आवश्यक डायग्राम बनाने की भी सलाह दी तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया तथा विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. हुकम सिंह चौधरी ने व्याख्यान का संयोजन किया।

**3. शैक्षिक भ्रमण –**

> **कला संकाय के विद्यार्थियों ने दैनिक जागरण प्रेस अलीगढ़ का भ्रमण किया :** 17 नवम्बर, 2018 को हमारे महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के इकाई टेस्ट के टॉपर विद्यार्थियों को दैनिक जागरण प्रेस का भ्रमण कराया गया, इस भ्रमण में डॉ. आभा कृष्ण जौहरी, श्रीमती शोभा सारस्वत, डॉ. दीनानाथ गुप्ता, श्रीमती इन्दु सिंह तथा जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय के साथ 24 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

इस भ्रमण के दौरान भ्रमण दल ने दैनिक जागरण के प्रधान कार्यालय, प्रिंटिंग प्रेस, विज्ञापन एवं प्रसार विभाग, सम्पादन तथा समाचार संकलन विभाग आदि की बारीकियों को जाना और दैनिक जागरण के रविवासरीय रंगीन पृष्ठ (पेज) 'झंकार' को छपते हुए देखा।

उपर्युक्त समाचार पत्र के विभिन्न विभागों की जानकारी ब्रांड मैनेजर श्री रंजीत सिंह ने दी। समाचार संपादक श्री नवीन सिंह कटेर ने भ्रमण दल को पत्रकार, पत्रकारिता व संपादन कार्य की भी जानकारी दी। भ्रमण का संयोजन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

> **विज्ञान संकाय का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण :** 20 दिसम्बर, 2018 को विज्ञान संकाय के विद्यार्थी, संकाय प्रभारी डॉ. हुकम सिंह चौधरी तथा प्राध्यापक डॉ. ज्योति सिंह, श्रीमती अफरोज नसी खान, डॉ. प्रशान्त कुमार शर्मा व कु. नीलम वार्ष्णेय के साथ भरतपुर (राजस्थान) गये।

केवलादेव पक्षी विहार में भ्रमण दल ने विभिन्न प्रजातियों के पक्षी देखे, इनमें से अनेक प्रजातियों के पक्षी साइबेरिया व मंगोलिया से चीन व अफगानिस्तान को पार करके यहाँ आते हैं। यहाँ के पक्षियों की मुख्य प्रजातियाँ बगुला, सारस, पीरा (गीज) और स्टॉर्क की होती है, यहाँ का पूरा क्षेत्र पीली नमी वाली मिट्टी तथा सूखी मिट्टी के क्षेत्र में बँटा हुआ है। यहाँ विश्व प्रसिद्ध साइबेरियन सारस 2001 तक लगातार आते रहे, इसके बाद प्राय: यह पूरी प्रजाति ही समाप्त हो गयी, क्योंकि अफगानिस्तान से गुजरते समय इनका शिकार कर लिया जाता था, इस पक्षी विहार में कुछ प्रजातियाँ सरिसृपों की भी पायी जाती है, कुछ हिरन व नील गाय भी कभी–कभी यहाँ



देखे जाते है। पक्षियों में उल्लू, पैराकीट, तीतर, सारस तथा स्टॉर्क मुख्य रूप से देखने को मिले। भ्रमण दल ने सर सलीम का संग्रहालय भी देखा जहाँ विभिन्न प्रकार के पक्षियों की प्रजातियाँ देखने को मिलीं।

इसके बाद भ्रमण दल भरतपुर स्थित लोहागढ़ के किले में गया, यह किला जाटों का किला तथा लोहदुर्ग के नाम से भी जाना जाता है। यह किला आज तक ' अजेय ' है। इस दुर्ग में एक संग्रहालय भी है, जिसमें प्राचीन काल के सभी अस्त्र–शस्त्र रखे हुये है।

> **बी.एड. विभाग का शैक्षिक भ्रमण :** 24 दिसम्बर, 2018 को बी.एड. सत्र– 2017–19 के विद्यार्थी अपने प्राध्यापक श्री गिर्राज किशोर, श्रीमती वर्षा शर्मा, डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय, सुश्री अकिला सिंह, श्रीमती ममता गौतम, श्रीमती मेघा अरोरा तथा श्री कुलदीप सिंह के साथ एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर वृंदावन तथा बरसाना गये। इस भ्रमण में श्रीमती मेघा अरोरा ने प्रभारी तथा श्री कुलदीप सिंह ने सह प्रभारी की भूमिका का निर्वहन किया।



भ्रमण दल ने श्री बाँके बिहारी मन्दिर, श्री राधा रानी मन्दिर, श्री रंगनाथ मन्दिर तथा मथुरा में श्री कृष्ण जन्म भूमि का अवलोकन कर इन स्थानों के आध्यात्मिक एवं शैक्षिक महत्त्व पर चर्चा की। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिक मूल्यों आदि का विकास करना रहा।

> **डी.एल.एड. विभाग का शैक्षिक भ्रमण :** 16 फरवरी, 2019 को डी.एल.एड. बैच 2017 तथा 2018 के प्रशिक्षु अपने प्राध्यापक सर्व श्री



Scanned by CamScanner

रामकिशन शर्मा , रवि कुमार तथा ललित कुमार एवं श्रीमती मेघा अरोरा के साथ एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर वृन्दावन, बरसाना तथा मथुरा गये। इन स्थानों पर भ्रमण दल ने क्रमशः बाँके बिहारी का मन्दिर , राधा रानी का मन्दिर, पुराना किला तथा श्रीकृष्ण जन्म भूमि के दर्शन किये। प्राध्यापक तथा प्रशिक्षुओं ने उपर्युक्त पर्यटक स्थलों के धार्मिक तथा ऐतिहासिक महत्व पर भी चर्चा की।

इस भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में भारतीय संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था कायम रखने के साथ–साथ सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति भी गौरव की भावना पैदा करना था।

इस भ्रमण के प्रभारी प्राध्यापक श्री रवि कुमार रहे।

## 4. विभिन्न दिवसों का आयोजन –

➢ **अंगदान दिवस पर निबंध प्रतियोगिता :** 27 नवम्बर, 2018 को आर्गन डोनेशन इण्डिया फाउण्डेशन तथा नेशनल आर्गन एण्ड टिशू ट्रान्सप्लांट आर्गनाइजेशन के आह्वान पर अंगदान को प्रोत्साहित करने हेतु भारतीय अंगदान दिवस पर हमारे महाविद्यालय में 'अंगदान के महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ज्ञान साहित्यिक समिति व ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के सहयोग से आयोजित, इस निबंध प्रतियोगिता में बी.ए., बी.एस–सी., बी. कॉम., एम.कॉम., एम.एस–सी. , (जूनियर वर्ग) तथा व्यावसायिक कोर्स बी. एड. एवं डी.एल.एड. (सीनियर वर्ग) के कुल 189 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य भी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए।

इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में गुरकान सक्सैना ने प्रथम, नाजिया खानम ने द्वितीय तथा कल्पना सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर




वर्ग में प्रिया सिंह ने प्रथम, पूनम मिश्रा ने द्वितीय तथा नेहा पालीवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी।

➢ **किसान दिवस पर एन.एस.एस. का एक दिवसीय शिविर :** 23 दिसम्बर, 2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयन्ती पर महाविद्यालय परिसर में एन.एस.एस. के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।




एन.एस.एस. के स्वेच्छासेवियों ने श्रमदान किया, तदुपरान्त आयोजित गोष्ठी में स्वेच्छासेवी गुरकान व पुष्पिन्द्र ने किसान दिवस के महत्व पर चर्चा की। ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने अपने उद्बोधन में चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा बताया। एन.एस.एस. के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने "स्वेच्छासेवियों की शिविरों में भूमिका" विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वेच्छासेवियों को चौधरी चरण सिंह के आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

➢ **मतदाता दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन :** 17 जनवरी, 2019 को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मतदाता जागरूकता के सन्दर्भ में महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने " मतदान में युवाओं की भूमिका" विषय पर अपने–अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चैतन्य हरी वार्ष्णेय, द्वितीय स्थान प्रियंका शर्मा तथा तृतीय स्थान नेहा पालीवाल ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का संयोजन व संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डॉ. आभा कृष्ण जौहरी तथा डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय रहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामित सदस्य



डॉ. ललित उपाध्याय तथा श्री ललित कुमार पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला प्रशासन द्वारा भी सम्मानित किया जायेगा। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने विजेताओं को बधाई दी।

➢ **गणतंत्र दिवस समारोह :** 26 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय परिसर में प्रबंधक श्री मनोज यादव तथा प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति उपस्थित थे। इसके बाद का कार्यक्रम महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में हुआ।

बी.एड. के विद्यार्थी लखविन्दर सिंह (लक्खा) ने देश भक्ति का गीत ' दिल दिया है जान भी देंगे– ऐ वतन तेरे लिए' प्रस्तुत किया। इसके बाद डी.एल.एड. के छात्र तेजस कुमार ने ' हमने तो दे दी कुर्बानी, हम अपने वतन को छोड़ चले' गीत की प्रस्तुति दी। एम.कॉम. के छात्र कमल जीत सिंह ने अपने उद्बोधन में शहीद तथा जवानों के बलिदान की भूरि–भूरि प्रशंसा की और देश की आजादी में सिक्खों के बलिदान की सराहना की।



छात्राओं ने समूह गान 'अनेकता में एकता हिन्द की विशेषता' प्रस्तुत कर समां बाँधा। डॉ. नरेन्द्र सिंह ने देशभक्ति पूर्ण स्वरचित कविता पढ़ी, डी.एल.एड. की छात्रा गिन्नी सिंह के निर्देशन में सैनिक की शहादत पर एक हृदय स्पर्शी एकांकी प्रस्तुत किया गया। छात्र हेमन्त सक्सैना ने भारत के गौरव के बारे में एक गीत प्रस्तुत किया। डॉ. ललित उपाध्याय तथा डॉ. सत्य प्रकाश ने गणतंत्र दिवस के सम्बंध में



Scanned by CamScanner

अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये।

छात्र शिवम चौहान ने शहीदों के सम्मान में गीत गाया. अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने भारतीय गणतन्त्र की विशेषताओं का उल्लेख कर संविधान में वर्णित मानव अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित व्यक्तियों को मिष्ठान दिया गया।

## 5. विभागीय गतिविधियाँ –

➢ **ज्ञान दीवाली मेला एवं ज्ञान ज्योति कार्यक्रम :** 5 नवम्बर, 2018 को महाविद्यालय परिसर में ज्ञान दीवाली मेला एवं ज्ञान ज्योति कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम में अलीगढ़ मण्डल के आयुक्त श्री अजय दीप सिंह आई.ए.एस. ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। अलीगढ़ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री ज्ञानचन्द वार्ष्णेय, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री चाँद गोयल आई. ए. एस., महाराष्ट्र सरकार की पूर्व पुलिस महानिदेशक श्रीमती श्रीदेवी गोयल आई. पी. एस., डायट अलीगढ़ के प्राचार्य डॉ. इन्द्र प्रकाश सिंह सोलंकी तथा मथुरा के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी श्री चन्द्र शेखर जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय प्रबंधन के चेयरमैन श्री दीपक गोयल, अध्यक्षा श्रीमती आशा देवी, प्रबंधक श्री मनोज यादव एवं ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल के साथ–साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




इस मेले में विजया महाविद्यालय इगलास, श्री खुशी राम महाविद्यालय खैर, पंडित श्री चन्द्र शर्मा मैमोरियल महाविद्यालय खैर, अलबरकात इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन अलीगढ़, श्री देवी प्रसाद शर्मा महाविद्यालय इगलास तथा आर. जे. महाविद्यालय, रायपुर परवरा अलीगढ़ के विद्यार्थियों ने अपने–अपने स्टॉल लगाये। मेले में कुल मिलाकर तीस स्टॉल लगाये गये, इसमें अधिकांश स्टॉल तैयार खाद्य सामग्री के थे।

हमारे महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना– 'माँ शारदे माँ ये वरदान दे माँ, प्रस्तुत की, तदउपरान्त अनेकता में एकता प्रदर्शित करने वाला गीत– देश रंगीला–रंगीला भी ज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। अतिथि तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों के स्वागत की औपचारिकता के बाद ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने समिति द्वारा गोद लिये गये 14 गाँवों में समिति द्वारा किये गये विकास एवं सहयोग कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इन 14 गाँवों में से बढ़ौली फतेह खाँ गाँव की प्रधान श्रीमती मिथलेश देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।




उपर्युक्त 14 गाँवों के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों के माध्यम से तेल बाती तथा दीये दिये गये और ये विद्यार्थी सरकारी भवन तथा जरूरतमंद लोगों के घर दीवाली की रात को दीये जलायेंगे। स्वतंन्त्रता संग्राम के शहीदों की मूर्तियों पर भी दीये जलाये जायेंगे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। श्री ज्ञान चन्द वार्ष्णेय ने कहा कि वे पिछले 40 वर्षों से सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं, उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की, कि वे देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभायें। डायट अलीगढ़ के प्राचार्य महोदय ने प्रतिभाग करने वाले विभिन्न डी.एल.एड. महाविद्यालयों के योगदान की सराहना की। महाराष्ट्र सरकार की पूर्व पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दीवाली संतोषप्रद वातावरण बनाने का त्योहार है तथा मेहनत से ही तरक्की मिलती है, उन्होंने ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के कार्यों की सराहना की। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्य सचिव श्री चाँद गोयल ने कहा कि आज के बड़े अधिकारी समाज के साथ जुड़कर कार्य कर रहे हैं, यह आज के समाज की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त अलीगढ़ ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान ही शक्ति है, ज्ञान के साथ विवेक आवश्यक है, उन्होंने ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के कार्यों की सराहना की, उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बुरे विचारों से बचें तथा अच्छे विचारों को ग्रहण करें। उन्होंने उपस्थित व्यक्तियों को सुरक्षित दीवाली मनाने की शपथ दिलायी।

मेले में लगाये गये सभी 30 स्टॉलों का मूल्यांकन डायट अलीगढ़ के प्रवक्ता श्री राजेश विद्यार्थी, श्रीमती इंदिरा गुप्ता तथा प्रयागराज से पधारे अध्यापक डॉ.सुरेन्द्र सिंह यादव ने किया। इसमें स्टॉल नं. 18, 15 तथा 7 को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया। ये स्टॉल ज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लगाये थे। अल–बरकात इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन अलीगढ़ के स्टॉल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। ज्ञान महाविद्यालय के कला प्राध्यापक श्री कुलदीप बघेल ने स्वयं द्वारा बनाया गया मुख्य अतिथि का पोर्ट्रेट उन्हें भेंट किया। अन्त में चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा महाविद्यालय के स्टॉफ को दीवाली की शुभकामनाएँ दीं। अलीगढ़ के कुछ इण्टरमीडिएट विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित उपाध्याय एवं डॉ. ज्योति सिंह ने किया। मेले का संयोजन श्री राम किशन शर्मा, श्रीमती मेघा अरोरा, डॉ. ललित उपाध्याय, सुश्री नीलम सिंह तथा श्री ललित कुमार ने किया।

➢ **विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन :** 13 नवम्बर, 2018 को महाविद्यालय के डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) विभाग में, इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डी.एल.एड. बैच–2018 (प्रथम सेमेस्टर) के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षुओं ने प्रतियोगिता के दौरान अनेक मॉडल बनाये, जो कि हाइड्रोलिक जे.सी.बी., स्ट्रीट लाईट सिस्टम, हृदय की गतिविधि आदि पर आधारित है। प्राध्यापक डॉ. हुकम सिंह चौधरी, श्री वीरेन्द्र सिंह तथा डॉ. ज्योति सिंह ने प्रशिक्षुओं द्वारा बनाये गये मॉडलों का मूल्यांकन कर उनसे मॉडल से सम्बन्धित अनेक प्रश्न पूछे।

वर्किंग मॉडल बनाने में मृगनयनी गौड़ ने प्रथम तथा शिवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नॉन वर्किंग मॉडल बनाने में आयुषी वार्ष्णेय प्रथम तथा विनीता संत द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता का संयोजन डी.एल.एड. विभाग के प्राध्यापक श्री कृष्ण देव सिंह तथा श्री अखिलेश कौशिक ने किया।

➢ **सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता :** 14 नवम्बर, 2018 को बाल दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के 270 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के



Scanned by CamScanner

बुराइयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं देश के विभिन्न प्रान्तों की नृत्य कला की झलकें प्रस्तुत की गयी। महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव ने प्रशिक्षुओं के साथ अपने स्काउट गाइड शिविर के अनुभव बताये।

शिविर के चतुर्थ दिन सभी प्रशिक्षु हाइक पर गये और उन्होंने वन्य जीवन की परिस्थिति में उपयोगी तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्काउट–गाइड के द्वारा विभिन्न प्रान्तीय पाक कलाओं का प्रदर्शन किया गया, इस प्रदर्शन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को विपरीत परिस्थितियों में कम से कम साधनों से भोजन पकाने का प्रशिक्षण देना था। प्रशिक्षुओं ने स्काउट–गाइड प्रशिक्षक उ. प्र. स्काउट–गाइड कमिश्नर श्री मनोज सिंधी तथा गाइड कैम्प प्रभारी प्राध्यापिका सुश्री भावना सारस्वत व स्काउट कैम्प प्रभारी प्राध्यापक श्री लक्ष्मी चन्द की देखरेख में प्रशिक्षुओं ने ईंटों की अस्थायी चूल्हे बनाकर उन पर अनेक प्रकार के स्वादिष्ट भारतीय व्यंजन तैयार किये। तदुपरान्त सभी ने सहभोज का आनन्द लिया। पाक कला प्रतियोगिता में स्काउट गाइड की टोली हिमाचल प्रदेश ने प्रथम, राजस्थान ने द्वितीय तथा उत्तराखण्ड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कैम्प फायर के अन्तर्गत प्रान्तीय नृत्य कला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने प्रशिक्षुओं की पाक कला की प्रशंसा करते हुए कहा कि भोजन और उसका आनन्द हमारे सामाजिक जीवन के लिए बहुत आवश्यक है।

शिविर के पाँचवे दिन स्काउट व गाइड द्वारा विभिन्न प्रान्तीय नृत्यों की प्रस्तुतियाँ की गयी एवं सामाजिक बुराईयों पर आधारित अनेक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गये।



स्काउट–गाइड शिविर प्रभारी सुश्री भावना सारस्वत ने प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुये उनके उद्देश्य की जानकारी दी। विभिन्न टोलियों द्वारा विभिन्न प्रदेशों की झलकियां, तम्बू निर्माण कला द्वारा प्रदर्शित की गयीं, जिसमें टोली न.–14 ने प्रथम, टोली नं.–13 ने द्वितीय तथा टोली नं. –4 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टोली न.–1, 12 तथा 16 को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। तम्बुओं का मूल्यांकन विज्ञान संकाय प्रभारी डॉ. हुकम सिंह चौधरी तथा एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया। आज के समापन समारोह में स्थानीय श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शर्मिला शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, इनके अलावा महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल, ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता तथा उ. प्र. स्काउट कमिश्नर श्री मनोज सिंधी आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. शर्मिला शर्मा ने प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तम्बुओं में अनेकता में एकता का आभास हो रहा है, उन्होंने प्रशिक्षुओं को सामाजिक प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अच्छा शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुण अपनाने पर जोर दिया। चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षुओं को शिक्षा के मूल्यों को अपने जीवन में उतार लेना चाहिये। कार्यक्रम के अन्त में सभी उपस्थित लोगों ने महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित सहभोज का आनंद लिया। इस शिविर का संयोजन बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. आभा कृष्ण जौहरी ने किया।

➢ **पुरातन छात्र संवाद एवं सम्मान समारोह :** 16 दिसम्बर, 2018 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों के साथ संवाद का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम में 1999 से 2005 तक हमारे महाविद्यालय में पढ़ चुके सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के सभी संकायों के पुरातन विद्यार्थियों का वर्तमान प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों के साथ तालमेल मिलाना था। उपस्थित पुरातन विद्यार्थियों ने क्रमशः मंच पर आकर अपने–अपने अनुभव बताये तथा अपने तत्कालीन गुरुओं का स्मरण किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल, ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव, पूर्व प्राध्यापिका श्रीमती अनिमा कुलश्रेष्ठ, श्रीमती रंजना सिंह, श्रीमती मधु वाहर तथा सभी संकायों के प्राध्यापक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रकाशन ज्ञान दर्शन तथा ज्ञान दीप का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन पुरातन छात्र समिति की प्रभारी डॉ. सुहैल अनवर ने किया।

➢ **भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में कविता पाठ :** 24 दिसम्बर, 2018 को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 95 वें जन्म दिवस के पूर्व दिवस पर महाविद्यालय की साहित्यिक समिति द्वारा स्वराज्य सभागार में कविता पाठ का आयोजन किया गया। बी.एड. की छात्रा रूबी कुमारी ने अटल जी के व्यक्तित्व पर **"एक दीपक सा था जो बुझ गया"** कविता पढ़ी। बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष के छात्र चैतन्य हरी वार्ष्णेय ने पूरी कविता **"अजानों मुस्कराती है भजन की बागवानी में"** नेहा पालीवाल ने **"आजादी अभी अधूरी है"** प्रीती महाजन ने **"चमकेगा दिनकर"** तथा निधी सिंह ने **"याद आती है बहुत तुम्हारी"** रचना प्रस्तुत की।

इस आयोजन में चैतन्य वार्ष्णेय ने प्रथम, नेहा पालीवाल ने द्वितीय तथा प्रीती महाजन एवं निधी सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. वाई.के.गुप्ता तथा उप–प्राचार्य श्री राजेन्द्र पाल सिंह ने सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. ललित उपाध्याय एवं डॉ. दुर्गेश शर्मा रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

➢ **कैरियर काउंसलिंग सेमीनार एवं ऑनलाइन पंजीकरण :** 27 दिसम्बर, 2018 को ज्ञान रोजगार एवं सलाहकार समिति के तत्वावधान में उक्त विषयक कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र ए.एम.यू. अलीगढ़ के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में किया गया।





Scanned by CamScanner

ए.एम.यू. से पधारे श्री साद हमीद ने रोजगार के उद्देश्यों का उल्लेख किया तथा बताया कि हमें पूर्व निर्धारित सपनों को साकार करने हेतु पूरा प्रयास करना चाहिये। हमें औसत बालक के रूप में न रहकर अपने कार्य में श्रेष्ठ बालक के रूप में रहना चाहिये।

डॉ.बी.आर.आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के शिक्षा संकाय के, पूर्व डीन डॉ. गिर्राज किशोर वार्ष्णेय ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से रोजगार एवं कैरियर काउंसलिंग के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत की गयी, ऑनलाइन वीडियो को भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। मुख्य अतिथि श्री देव प्रकाश गुप्ता (सेवानिवृत्त सेवायोजन अधिकारी) ने ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन तथा संयोजन क्रमशः डॉ. ललित उपाध्याय एवं गिर्राज किशोर ने किया। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

➢ **INTACH द्वारा पानी की कहानी पर पेन्टिंग प्रतियोगिता :** 27 दिसम्बर, 2018 को INTACH (इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरीटेज) के ब्रजभूमि रीजनल चेप्टर द्वारा हमारे महाविद्यालय के सहयोग से स्थानीय डी.एस.बाल मन्दिर में पानी की कहानी– माई वॉटर हेरीटेज पर ऑल इंडिया पेन्टिंग व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्थानीय ब्रिलियंट पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, रघुबीर बाल मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा डी.एस. बाल मन्दिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के 67 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। डी. एस. बाल मन्दिर की प्रबन्ध समिति के सदस्य श्री ललित अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या दीप्ती गोविल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता दीप्ती गोविल ने कला के माध्यम से देश की धरोहर व पानी की कहानी के चित्र बनाने पर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के संचालक श्री. वाहिद ने INTACH के प्रयास एवं जल के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा है तथा उपलब्ध पानी का केवल 3



प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है।

डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. नरेन्द्र सिंह तथा डॉ. ललित उपाध्याय ने "जल नहीं तो कल नहीं" की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डी. एस. बाल मन्दिर की कला शिक्षिका वैशाली कक्स, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के शिक्षक अनुबाला तथा दिलीप शर्मा एवं रघुबीर बाल मन्दिर की कला शिक्षिका चंचल सैनी भी उपस्थित रहीं। INTACH के संयोजक श्री दीपक गोयल ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

➢ **नव वर्ष पर गीत संगीत एवं सहभोज कार्यक्रम :** 1 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय की संतोष वाटिका में नववर्ष के उपलक्ष्य में गीत संगीत एवं सहभोज का आयोजन किया गया। मनोरंजन के लिए बुलायी गयी आरकेस्ट्रा पार्टी ने अनेक मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने भी अनेक गीत आदि पेश किये। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ललित उपाध्याय द्वारा सम्पादित पुस्तक " मेरी भी कविता साझा–संग्रह" के आवरण पृष्ठ का विमोचन प्रबन्धक श्री मनोज यादव व प्राचार्य आदि ने किया। मनोरंजक कार्यक्रम के पश्चात् सभी प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों ने अपने–अपने घर से लाये हुए खाने को आपस में बाँटकर खाया। प्राचार्य ने सभी को नववर्ष की बधाई दी।

➢ **मकर संक्रान्ति, पतंग उड़ान प्रतियोगिता एवं खिचड़ी भोज :** 15 जनवरी, 2019 को महाविद्यालय परिसर में ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा खेल समिति के संयुक्त तत्वावधान में पतंग उड़ान प्रतियोगिता का शुभारम्भ चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने किया।



ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने मकर संक्रान्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा आयोजित खिचड़ी भोज में सभी संकायों के विद्यार्थी, प्राध्यापक, एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन खेल प्रभारी श्री सुमित सिंह ने एवं संचालन श्रीमती वर्षा शर्मा ने किया, तदुपरान्त महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल, ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव तथा प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता एवं अनेक प्राध्यापक सिघारपुर स्थित केशवधाम गये, जहाँ पूर्वोत्तर राज्यों के विद्यार्थियों का आवासीय विद्यालय है। हमारे महाविद्यालय की इस टीम ने केशव धाम के विद्यार्थियों से अनेक पहलुओं पर चर्चा की तथा इन विद्यार्थियों के लिये अनेक बोरी कच्ची दाल तथा चावल केशव धाम के प्रबन्धन को दिये।

➢ **नयति मेडीसिटी सेंटर द्वारा "सेहत का ज्ञान" कार्यक्रम :** 19 जनवरी, 2019 को हमारे महाविद्यालय परिसर में नयति मेडीसिटी सेंटर मथुरा तथा डॉ. ज्ञानेन्द्र गोयल फाउण्डेशन के सहयोग से "सेहत का ज्ञान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में नयति मेडीसिटी सेन्टर के विशेषज्ञ डॉ. रुपाक्षी दास गुप्ता, डॉ. प्रीती भदौरिया, डॉ. हर्ष गुप्ता ने अतिथि चिकित्सक के रूप में प्रतिभाग किया। डॉ. रुपाक्षी दासगुप्ता ने बताया कि भारत में कैंसर से मरने वाली महिलाओं में अधिकांश महिलायें स्तन कैंसर व गर्भाशय कैंसर से पीड़ित होती हैं। देश में प्रतिवर्ष 1.32 लाख गर्भाशय कैंसर के नये मामले सामने आ रहे हैं और वर्ष में 74000 महिलाओं की मृत्यु इस कैंसर से हो जाती है।



डॉ. प्रीती भदौरिया ने महिलाओं में होने वाले स्तन व गर्भाशय कैंसर के लक्षणों व उसके निदान के बारे में अपने विचार रखे।

न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. हर्ष गुप्ता ने किडनी के सुरक्षित बचाव, पथरी से होने वाली मूत्र सम्बन्धी परेशानियों व उनके निदान के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने महाविद्यालय की अब तक की प्रगति के बारे में बताया। डॉ. ललित उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंगदान के विषय में जानकारी दी। अंत में प्राचार्य जी ने अतिथि चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

➢ **वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन :**



Scanned by CamScanner

मतदान में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करना चाहिये। अंत में चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि बड़ा बनने के लिए बड़े सपने देखने चाहिए और सपनों को साकार करने के लिए समय पालन, मेहनत तथा संकल्प जरूरी है। समापन समारोह का संचालन डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय तथा विद्यार्थी नेहा पालीवाल व विदित भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया।

- **सत्यता जागरूकता अभियान में सहयोग :** 18 अप्रैल, 2019 को अलीगढ़ लोकसभा चुनाव के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य सभी मतदाताओं को जागरूक करना था। 1 अप्रैल, 2019 को हमारे महाविद्यालय के बी.एड. विभाग के प्राध्यापक तथा विद्यार्थियों ने अचल ताल चौराहे के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें ज्योत्सना कुमारी, चित्रांगना शर्मा, कोमल शर्मा, पवन कुमार, कुछ रूबी, सरिता, प्रिया, सरिता सिंह, लखविन्दर सिंह, स्वीटी, वन्दना तोमर, शोभा यादव, प्रियंका सिंह तथा रितु गुप्ता ने प्रतिभाग किया। 02 अप्रैल, 2019 को नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति स्थानीय हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज में की गयी, इस अवसर पर जिला निर्वाचन



अधिकारी (डी.एम.), ए.डी.एम. वित्त, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र शर्मा, सह जिला विद्यालय निरीक्षक दीप्ति वार्ष्णेय, नीलम शर्मा, ब्रांड एम्बेसडर शालिनी चौहान तथा आर.जे. कल्पना सहित अलीगढ़ जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक तथा छात्र उपस्थित रहे।

05 अप्रैल, 2019 को महाविद्यालय के बी.एड. तथा डी.एल.एड. विभाग ने संयुक्त रूप से रैली का आयोजन किया तथा घर–घर जाकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया तथा बी.एड. के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. नरेन्द्र सिंह, सुश्री भावना सारस्वत तथा डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

## 6. एन.एस.एस. तथा ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के कार्यक्रम –

- **रक्तदान शिविर :** 19 नवम्बर, 2018 को हमारे महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में मलखान सिंह जिला चिकित्सालय




अलीगढ़ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अनुराग राजवंशी के नेतृत्व में एक मैडीकल टीम ने आकर रक्त एकत्र किया। महाविद्यालय तथा ज्ञान आई.टी.आई. के शिक्षक, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर वर्ग के 32 रक्तदाताओं ने एक–एक यूनिट रक्तदान किया।

इस शिविर में महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल तथा प्रबन्धक श्री मनोज यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग राजवंशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा है तथा एक रक्तदाता एक यूनिट रक्तदान से चार लोगों की जान बचा सकता है, उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. वाई.के.गुप्ता ने रक्तदान के सम्बन्ध में फैली भ्रान्तियों का निवारण किया। चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया तथा रक्तदाताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

- **'पहल' कार्यक्रम के अन्तर्गत गर्म कपड़ों का वितरण :** ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों ने 'पहल' कार्यक्रम



के अन्तर्गत पहनने योग्य गर्म कपड़े एकत्र किये। 3 दिसम्बर, 2018 को ये कपड़े ज्ञान महाविद्यालय द्वारा गोद लिये गये, अनेक गाँव के क्षेत्र में स्थित ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों को वितरित किये गये।

इससे एक ओर सम्पन्न लोगों के पास रखे इन कपड़ों का सदुपयोग हुआ, साथ ही जरूरतमंद लोगों को वितरित किये जाने से उन्हें ठण्ड से राहत मिली।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विवेक मिश्रा तथा डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

- **कम्बल वितरण कार्यक्रम :** 22 दिसम्बर, 2018 को हमारे महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गये 14 गाँवों के 42 जरूरतमंद लाभार्थियों को एक–एक कम्बल दिया गया। इस



कार्यक्रम में कोल क्षेत्र के विधायक श्री अनिल पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल तथा ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल भी पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अब तक इन 14 गांवों के जरूरतमंद लाभार्थियों को 350 कम्बल वितरित किए जा चुके हैं। कम्बल वितरण का यह क्रम पिछले अनेक वर्ष से लगातार जारी है। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने महाविद्यालय की अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, इस कार्यक्रम में प्रबन्धक श्री मनोज यादव भी उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्राम प्रधानों को भी गाँव के विकास, स्वच्छता एवं गाँव की शिक्षा की ओर ध्यान देना चाहिये। ग्राम



Scanned by CamScanner

प्रधानों को चाहिए कि वे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को दिलाएं। कार्यक्रम का संयोजन ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने किया तथा संचालन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया। अन्त में चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने ग्रामीणों से कहा कि वे सरकारी मदद के साथ–साथ अपने साधनों का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर होने का प्रयास करें, ताकि सभी लोग स्वाभिमान पूर्ण जीवन जी सकें। उन्होंने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

➢ **एन.एस.एस. का एक दिवसीय द्वितीय शिविर।** 29 दिसम्बर, 2018 को परिषदीय प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर चौहट्टा में शिविर का आयोजन किया गया, शिविर के दौरान स्वेच्छासेवियों ने ग्रामीणों के सहयोग से गाँव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली तथा पर्यावरण से सम्बन्धित नारे लगाये।




इस शिविर में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक शर्मा मुख्य अतिथि तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सफदर आजम तथा श्री सतेन्द्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। परिषदीय प्राथमिक विद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती दीप शिखा जौहरी तथा सहायक अध्यापिका श्रीमती शिवानी सहाय एवं रश्मि लता भी शिविर में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा है स्वच्छ तन में ही स्वस्थ मन रहता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य एवं उद्देश्यों की चर्चा की। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने स्वेच्छासेवियों को जनसेवा के लिए प्रेरित किया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने एन.एस.एस. सम्बन्धी अपने अनुभव बताये। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री चन्द्रपाल सिंह अनेक ग्रामीणों के साथ शिविर की सभी गतिविधियों में स्वेच्छासेवियों के साथ सक्रिय रहे।

➢ **एन.एस.एस. का एक दिवसीय तृतीय शिविर।** 10 जनवरी, 2019 को एन.एस.एस. के एक दिवसीय तृतीय शिविर का आयोजन परिषदीय प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर चौहट्टा में किया गया। शिविर का शुभारम्भ ग्राम प्रधान श्रीमती सुशीला देवी व उनके प्रतिनिधि चन्द्रपाल सिंह ने किया, शिविर के दौरान स्वेच्छासेवियों ने गाँव में घर–घर जाकर सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक सर्वे किया एवं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने युवाओं को युवा संसद के गठन, नेतृत्व क्षमता व सेवा भाव के लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया। इस शिविर में महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के अनेक सदस्य तथा स्थानीय शिक्षामित्र श्री जयवीर सिंह व श्रीमती शान्ति देवी भी सक्रिय रहीं। शिविर का संयोजन व संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।

## 7. विशिष्ट उपलब्धि –

हमारे महाविद्यालय में बी.एड. प्रथम वर्ष में अध्ययनरत कु. पूजा सक्सैना पुत्री श्री भोला शंकर सक्सैना ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दिसम्बर, 2018 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) हिन्दी विषय में पास की है। यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए कु. पूजा सक्सैना को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## 8. ज्ञान आई.टी.आई. के कार्यक्रम –

➢ **अमर उजाला व जिलेट के सहयोग से कैरियर और ग्रूमिंग वर्कशॉप का आयोजन।** 19 दिसम्बर, 2018 को ज्ञान आई.टी.आई. में अमर उजाला दैनिक समाचार पत्र के प्रतिनिधि तथा जिलेट



कम्पनी के प्रतिनिधि डॉ. विशाल सैनी ने इलैक्ट्रिशियन व फिटर ट्रेड के प्रशिक्षुओं हेतु कैरियर और ग्रूमिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में प्रशिक्षुओं की प्रतियोगिता भी कराई गयी तथा सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये। इस कार्यशाला का संयोजन ज्ञान आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय ने किया।

➢ **ज्ञान आई.टी.आई. में आयोजित शिविर में नौकरी के लिए 24 छात्रों का चयन।** 26 फरवरी, 2019 को देश के दुपहिया वाहन निर्माताओं में अग्रणी कम्पनी हीरो मोटोकार्प लि० नीमराना राजस्थान के प्रतिनिधि श्री पुनीत चौधरी (एच.आर. मैनेजर) तथा श्री सुनील कुमार




(असिस्टेन्ट मैनेजर) ने ज्ञान आई.टी.आई. में आकर फिटर, इलैक्ट्रिशियन, इलैक्ट्रॉनिक्स, टर्नर, प्लम्बर तथा मशीनिष्ट ट्रेड से चयन हेतु उम्मीदवारों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली, जिसमें सभी ट्रेड के 184 छात्रों में से 24 छात्रों का चयन किया गया। आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

➢ **ज्ञान आई.टी.आई. में कार्यशाला का आयोजन।** 12 मार्च, 2019 को ज्ञान आई.टी.आई. में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लि., अलीगढ़ के पदाधिकारी श्री दिवाकर मलिक तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में मोबीज इण्डिया प्रा.लि., नोएडा के श्री राहुल तौमर ने प्रतिभाग किया। श्री दिवाकर मलिक ने एन.एस.आई.सी. अलीगढ़ में चल रहे रोजगार परक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने प्रशिक्षुओं के व्यक्तित्व विकास और उनकी रोजगार क्षमता पर प्रकाश डाला। इंजीनियर राहुल तौमर ने कम्पनी की नौकरी के साक्षात्कार के लिए आवश्यक योग्यताओं का वर्णन किया तथा बताया, कि जीवन में रोजगार परक बनने के लिए व्यक्ति का प्रतिभावान होना अति आवश्यक है। इस आयोजन में ज्ञान आई.टी.आई. के फिटर व इलैक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं के साथ अनुदेशकगण भी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य श्री मनोज वार्ष्णेय ने अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।



Scanned by CamScanner